राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

# राज्यपाल की शोक संवेदना

## राज्यपाल ने नीरज के घर पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की

## शोक संतप्त परिजनों को ढाढस बंधाया

जयपुर, 24 अप्रैल। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने गुरुवार को कश्मीर में आतंकी हमले के शिकार हुए स्व. नीरज उदवानी के घर पहुंचकर उनकी पार्थिव देह पर पुष्पांजलि अर्पित की। राज्यपाल ने इस दौरान नीरज के शोक संतप्त परिजनों को ढाढस भी बंधाया। उन्होंने ईश्वर से पुण्यात्मा की शांति और उन्हें यह भारी दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

उल्लेखनीय है कि कश्मीर में पहलगाम की बैसरन घाटी में आतंकवादी हमले में जयपुर के 33 वर्षीय चार्टर्ड एकाउंटेंट नीरज उदवानी की जान चली गई थी।

---








श्रीअमरापुर स्थान
2-3 BHK
LUXE GREEN APARTMENTS

